दिनांक : 01.06.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

शाह फॉरेंसिक

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपराधों के बदलते स्वरूप को देखते हुए अपराध निरोधक एजेंसियों को आधुनिक बनाए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने आज कोलकाता में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज ज्यादातर गतिविधियां ऑनलाइन हो गई हैं। इसे देखते हुए डिजिटल फॉरेंसिक महत्वपूर्ण हो गया है। श्री शाह ने कहा कि कोलकाता में नई सी.एफ.एस.एल. प्रयोगशाला पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में जटिल मामलों के लिए एक समग्र दृष्टिकोण विकसित करेगी।

शिवराज–अभियान

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को बहुमूल्य जानकारी प्रदान करने वाला जन–आंदोलन है। श्री चौहान ने राज्यों के विधायकों से वर्चुअल संवाद में बताया कि अभियान का उद्देश्य लागत कम करना, पैदावार बढ़ाना और खेती को लाभदायक बनाना है। विकसित कृषि विकास अभियान के तहत जबलपुर के ग्राम झगरा में आयोजित कृषि संगोष्ठी में भारत कृषक समाज के केके अग्रवाल ने कहा कि खेती की बढ़ती लागत को केवल वैज्ञानिक विधि के उपयोग से ही कम किया जा सकता है। हमें उत्पादन बढ़ाना पड़ेगा।कृषि वैज्ञानिक डॉ. अक्षता तोमर ने मिट्टी में कार्बन के प्रतिशत की कमी से उत्पादन में कमी और बायो फर्टिलाइजर की उपयोगिता बताई। शिवपुरी जिले में इस समय विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत वैज्ञानिकों के दल द्वारा विभिन्न गांव में पहुंचकर किसानों को नए नवाचार, उन्नत खेती की तकनीक के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत तीन टीमें शिवपुरी, पोहरी, नरवर, कोलारस, बदरवास, करेरा, पिछोर खनियाधाना में रूट चार्ट अनुसार पहुंचकर किसानों से चर्चा कर रही है और खरीफ फसलों के बारे में आवश्यक जानकारी दी जा रही है।

दुग्ध दिवस

आज विश्व दुग्ध दिवस है। दुनिया का एक–चौथाई दूध उत्पादन भारत में होता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व दुग्ध दिवस पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश गौसेवा के संकल्प के साथ 'दुग्ध से समृद्धि' के पथ पर अग्रसर है। अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत गोपालन करने वाले आर्थिक रूप से सशक्त होंगे और देश के दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान 9 से बढ़ाकर हम 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने अनुबंध किया है, जिससे प्रदेश के ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियां गठित कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि जाएगी। सांची ब्रांड को लोकप्रिय बनाया जा रहा है। गौशालाओं और गोपालकों को पूरा प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

टीबी अभियान

सघन टी बी मुक्त भारत अभियान आज से भोपाल सहित पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाले मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच, और उपचार प्रदान करना है। भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न शिविरों का आयोजन प्रमुख सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे और बस स्टेशनों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाएगा। कारखानों, उद्योगों, ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों, क्रेशरों पर भी शिविर लगाए जाएंगे ताकि श्रमिक वर्ग और अन्य संवेदनशील वर्गों तक इस अभियान का लाभ पहुँच सके।

एनएचडीसी साइक्लोनथॉन

एनएचडीसी लिमिटेड के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन सामान्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता एवं सत्य निष्ठा की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से रविवार सुबह साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक राजीव जैन द्वारा फ्लैग ऑफ करके किया गया।

समाचार संक्षेप में .....

- तेल कंपनियों ने आज से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 24 रुपये की कटौती कर दी है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम पहले जैसे ही रहेंगे। इससे पहले इसी साल अप्रैल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 41 रुपये की कटौती की गई थी।

- अशोकनगर में कलेक्टर आदित्य सिंह ने आज अपना घर वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों से चाय, नाश्ता, खाना, शुद्ध पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

नमस्कार।